प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वाले दो कामगारों के परिजनों को 5–5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया : गोरखपुर में जनता दर्शन में लोगों की सुनी समस्याएं ।
2. मुख्यमंत्री ने गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों से किया संवाद : कहा– पात्र लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाये।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 18 जून को प्रस्तावित वाराणसी दारे को लेकर तैयारियां तेज।
4. गंगा दशहरा पर आज प्रदेश की प्रमुख नदियों पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी : श्रद्धालुओं के लिये घाटों पर किये गये सुरक्षा के खास इंतजाम।

और

5. प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी : प्रयागराज में सर्वाधिक 47 दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तापमान।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन आज गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता

दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कुवैत में हुए अग्निकांड में जान गंवाने वाले गोरखपुर के दो कामगारों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की और उन्हें पांच–पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। साथ ही जम्मू के शिवखोड़ी में पिछले दिनों हुए हादसे में घायल गोरखपुर के श्रद्धालुओं से भी भेंट कर उनका कुशल क्षेम जाना और उन्हें एक–एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार घायलों के इलाज में कोई कमी नहीं आने देगी।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में सभी सांसदों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि, वह विकास और जनकल्याण के कार्यों की सतत निगरानी करते रहें। गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने–अपने क्षेत्र के पात्र लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं और विकास कार्यों के नए प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। श्री योगी ने कहा कि सुरक्षित माहौल में विकास और जनकल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने

नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और लोकसभा चुनाव में पूरे मनोयोग से परिश्रम करने वाले जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। संवाद के दौरान श्री योगी ने हाल में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर भी चर्चा की।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर रहेंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद वह पहली बार वाराणसी पहुंचेंगे। इस दौरे में वह अन्नदाता किसानों से संवाद करने के साथ ही श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने के पश्चात गंगा आरती में भी सम्मलित होंगे। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसान सम्मेलन में किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त किसानों के खातों में स्थानान्तरित करेंगे। प्रधानमंत्री के काशी आगमन पर उनके भव्य स्वागत की तैयारियां जोर शोर से चल रही है।

——————————

21 जून को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पर योग करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया। उन्होंने लोगों से योग के लाभों के लिए योगाभ्यास करने का आग्रह किया।

वीडियो में स्वास्थ्य लाभों के साथ–साथ अंग्रेजी और हिंदो दोनों भाषाओं में पादहस्त आसन के बारे में जानकारी दी गई है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। अमरोहा में आयुष मंत्रालय द्वारा आज कॉमन योगा प्रोटोकाल का अभ्यास कराया गया। वहीं मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के खेल मैदान में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति संगीता शुक्ला ने कहा कि योग से शारीरिक मजबूती के साथ–साथ मानसिक बल भी मिलता है। उन्होंने बताया कि इस बार योग दिवस पर नया कीर्तिमान बनाया जायेगा, जो गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया जायेगा। वाराणसी में शुरू हुए योग सप्ताह के दूसरे दिन आज लोगों ने नमो घाट पर पूरे उत्साह के साथ योग किया। मथुरा के जवाहर बाग में प्रदेश सरकार क पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा ने कल योग सप्ताह का शुभारम्भ किया।

———————

संघ लोक सेवा आयोग की ओर से यूपीएससी सिविल सेवा 2024 प्रारम्भिक परीक्षा आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हो गई। लखनऊ में 86 केन्द्रों में यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में सुबह

साढ़े नौ बजे से 11 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक परीक्षा चली।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————

गंगा दशहरा के अवसर पर आज श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान कर दान पुण्य किया। ऐसी मान्यता है कि आज ही के दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। प्रदेश में प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, गाजीपुर, फर्रूखाबाद व गढ़मुक्तेश्वर में गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। नदी के घाटों और तटों पर खास निगरानी रखी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा दशहरा के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

*गंगा दशहरा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और पुलिस नदी के तटों और घाटों पर खास निगरानी रख रही है। घाटों पर विशेष पुलिस बल और गोताखोरों की तैनाती की गई है। अमरोहा, मेरठ, कानपुर, फर्रुखाबाद, प्रयागराज, गाजीपुर और बलिया जैसे प्रमुख शहरों में गंगा नदी के घाटों पर सुबह से ही हजारों श्रद्धालु उमड़ने लगे हैं। वाराणसी में देश भर से स्नान करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिये सभी 84 घाटों पर खास इंतजाम किये गये हैं। गंगा दशहरा को गंगावतरण भी कहा जाता है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि इसी शुभ दिन पृथ्वी पर गंगा जी का पवित्र अवतरण हुआ था। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

**कन्नौज के मेहंदीघाट पर गंगा दशहरा के अवसर पर, नेशनल मिशनफॉर क्लीन गंगा के तहत भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून के तत्वावधान में गंगा प्रहरियों नें जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को कपड़े, पालीथीन, ,प्लास्टिक, कूड़ा आदि गंगा में न डालने के लिये जागरूक किया गया।**

—————————

**देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इसके तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। 18 वर्ष कम उम्र की लड़कियों के खिलाफ अपराध के लिये गंभीर दंड का पावधान है, जिसमें सबसे जघन्य कृत्यों के लिये आजीवन कारावास या मौत की सजा शामिल है। बीएनएस की धारा 95 के तहत बच्चों का शोषण दंडनीय अपराध है। ऐसे लोग जो बच्चों को आपराधिक गतिविधियों के लिये नियोजित करते हैं या उन्हें काम पर रखते हैं वे दंड के पात्र हैं। कानून यह**

सुनिश्चित करता है कि ऐसे उद्देश्यों के लिये बच्चों को काम पर रखने या नियोजित करने वाले व्यक्ति को सजा मिले। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराएं 96, 98 और 99 वैश्यावृत्ति के लिये बच्चों की खरीद फरोख्त को दंडनीय बनाती है।

नये कानूनों में बच्चों की तस्करी, अपंगता और आयात के खिलाफ सख्ती से निपटने का प्रावधान है। पीड़ित ई–एफआईआर द्वारा अपराध की रिपोर्ट कर सकते हैं। यह पीड़ितों को कानूनी प्रक्रिया में भयमुक्त होकर भाग लेने को सुनिश्चित करता है इससे संगीन अपराधों की त्वरित सूचना प्राप्त होगी और इन पर त्वरित कार्रवाई भी हो सकेगी।

——————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। तेज गर्मी से 28 लोगों को मौत होने के समाचार मिले हैं, जिसमें प्रयागराज, बुन्देलखंड, हमीरपुर, चित्रकूट, बांदा, कानपुर देहात, कुशीनगर और महराजगंज में एक–एक व्यक्ति की, वहीं कानपुर और वाराणसी में आठ लोगों की लू की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं महोबा में दो और मिर्जापुर में तीन लोगों की मौत हुई है। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले पांच दिनों तक लू की चेतावनी जारी करते हुए बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, आगरा, फिरोजाबाद, वाराणसी, इटावा और हमीरपुर सहित 25 जिलों के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में

सबसे अधिक तापमान प्रयागराज जनपद में 47 दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, सामान्य से  लगभग नौ डिग्री अधिक है। बुंदेलखंड के झांसी जनपद में तापमान 47 दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लखनऊ में रिकॉर्डतोड़ गर्मी पड़ी और अधिकतम तापमान 45 दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के 15 जनपदों में दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री से ज्यादा दर्ज हुआ।

————————

ईद उल अजहा का पर्व कल प्रदेशभर में मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को ईद–उल–अजहा पर्व की बधाई दी है। त्यौहार के मद्‌देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। आईजी रेंज प्रवीण कुमार ने बताया कि पीस कमेटी की बैठक में लोगों से सद्‌भावना बनाए रखने की अपील के साथ ही साफ–सफाई, का ख्याल रखने के लिए भी कहा गया है।

(समाप्त)